तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 17 जुलाई 2025


13 किरन्दुल में कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव


13 अध्यक्ष ने छात्राओं के समस्या को दूर करने दिए



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### अंतागढ़ से नारायणपुर जर्जर मार्ग की मरम्मत करने की हो रही मांग

# लौह अयस्क में लगे वाहनों को प्रतिबंधित करने ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंतागढ़

अंतागढ़ से नारायणपुर मुख्यमार्ग पर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोग मड़पा चौक पर एकत्र हो गए और दिए गए अल्टीमेटम को पूरा करने की माँग करने लगे। ग्रामीण चौक पर मुख्य सड़क के मध्य में जमीन पर सुबह निर्धारित समय पर बैठ गए थे, जिसके चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई थी। दो दर्जन से ज्यादा प्रभावित गांव के चक्काजाम में बैठे ग्रामीणों का कहना था कि मौखिक कई बार रावघाट प्रबंधन को अवगत कराया गया और पुलिस को भी जानकारी दिया गया, परंतु ग्रामीणों की बात पर ध्यान नहीं दिया गया। मुख्य मार्ग पर दो पहिया एवं पैदल चलना मुश्किल हो गया है। दो पहिया वाहन चालक कई बार सड़क दुर्घटना के शिकार हो चुके है। कई की जान जा चुकी है और कई आज भी पैर तोड़वाकर बैठे है। चक्काजाम करने वाले ग्रामीणों की माँग है कि लौह अयस्क से जुड़े सभी खाली ▸▸|शेष पेज 12 पर

खास खबर

अंतागढ़ से नारायणपुर मुख्य पहुंच मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, उसके जिम्मेदार रावघाट और आमदाई खदान में लगे हाईवा वाहनों के कारण है। ग्रामीणों के विरोध करने पर लोडेड वाहन नहीं आते है, परंतु नियमों को ताक में रखकर खाली वाहन लगातार गुजरते है। ग्रामीणों ने आज के चक्काजाम में ऐसे वाहनों पर भी प्रतिबंध लगाने और जर्जर सड़क की मरम्मत की माँग को लेकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की खबर मिलते ही एसडीएम दल बल के साथ मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों की माँग को पूरा करने का आश्वासन देने पर ग्रामीणों ने तीन घंटे बाद चक्काजाम खत्म कर दिया।

### सड़क पूरी तरह जर्जर, भारी वाहन जिम्मेदार

अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग की सिंगल सड़क उस गुणवत्ता की नहीं बनी थी कि उस पर भारी वाहन चल सके। इसके अलावा लौह अयस्क के खाली हाईवा भी इस मार्ग से गुजरती है, जिसके चलते सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने माँग किया है कि बारिश के समय तक जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए बजट नहीं है, बजट मिलने पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जिन ट्रको के कारण सड़क खराब हुई है, उनसे जुर्माना लेकर सड़क को मरम्मत करना चाहिए।

प्रशासन के आश्वासन के बाद चक्काजाम तीन घंटे बाद हुआ बहाल



### मांग को पूरा करने का दिया आश्वासन

अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक ने आंदोलित ग्रामीणों से संवाद किया और उन्होने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि लौह अयस्क की किसी भी तरह के हाईवा इस मार्ग से नहीं गुजरेगी, इसके अलावा गड्ढो की मरम्मत जल्द से जल्द लोक निर्माण विभाग से करवाया जाएगा। एसडीएम के आश्वासन देने के उपरांत ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म कर दिया।

### रूट के अनुसार नहीं चल रही गाड़ियां

माईनिंग परिवहन के रुट चार्ट के अनुसार नारायणपुर से कोड़ागांव होते हुए कांकेर जाते है, उसी मार्ग से वापिस होना चाहिए, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। वाहन मालिक नियमों का ताक में रखकर खाली वाहन को जर्जर मार्ग से जाते है और मार्ग को लगातार जर्जर करते जा रहे है। वाहन के मालिक स्थानीय नेता या दबंग होने के कारण ग्रामीणों को धमकाते रहते है। ग्रामीण आक्रोशित में आ गए, तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

### ग्रामीण हो रहे दुर्घटना के शिकार

प्रभावित दो दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि अंतागढ़ से नारायणपुर मुख्य मार्ग में कई स्थानों का डामर पूरी तरह से उखड़ गया है और साईड सोल्डर में जगह-जगह गड्ढा हो गया है। इन गड्ढो के हो जाने के कारण क्षेत्र के ज्यादातर दुपहिया एवं छोटे चार पहिया वाहन को चलाने में आम जनता को हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और कई बार दुर्घटनाएं हो भी चुकी है।

पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 20 लाख की साइबर ठगी




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शेयर मार्केट में इनवेस्ट करने के लिए आनलाईन प्लेटफार्म में सर्च करने के दौरान एक कंपनी ने शिकायतकर्ता से 20 लाख रूपएं इनवेस्ट कराते हुए धोखाधड़ी कर दिया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे समता नगर गोविंदपुर निवासी 49 वर्षीय सिद्धार्थ पाठक पिता स्व. मायाकांत पाठक ने पुलिस को बताया कि मैं शेयर मार्केट में रकम को इनवेस्ट करना चाह रहा था, जिसके लिए मैं आनलाईन प्लेटफार्म पर सर्च कर रहा था । मुझे नुवमा वेल्थ एंड इंवेस्टमेंट लिमिटेड के बारे में पता चला, जिसके बारे में मैने उक्त कंपनी के बारे में जानने के लिए गूगल पर सर्च किया और कंपनी के बारे मे जानकारी लिया। उसी समय मुझे उक्त कंपनी से फोन आया, जिस पर फोन करने वाले ने अपना नाम कंगना शर्मा बताया। उक्त कंपनी से संपर्क करने के बारे में पूछा गया, तब मैने हां मैने ऑनलाईन प्लेटफार्म मे सर्च किया था और उनके द्धारा उक्त कंपनी के बारे मे बताया गया। मुझे उक्त कंपनी के वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। कंपनी के वाटसप ग्रुप मे जुड़कर ▸▸|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन से महिला की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 30 वर्षीय देहोती नेताम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सिहारीनाला निवासी मेहत्तर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका रात को खाना खाकर सोई थी। अचानक रात में उल्टी करने लगी। पास में जाकर देखा तो कीटनाशक की बदबू आ रहा था और पास में कीटनाशक दवाई का डिब्बा पड़ा हुआ था। मृतिका की मौत 15 जुलाई को जहर सेवन करने से हुई है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 65 वर्षीय विश्राम मंडावी ने 7 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बतबनी निवासी अनिल मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नही चल पाया है।

### युवक की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत 19 वर्षीय प्रताप मंडल का 15 जुलाई को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। पीएचसी बांदे से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मृत्यु उपरांत अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था।

### निगरानी समिति दिशा की आज होगी बैठक

**कांकेर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति यानी दिशा की बैठक सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में आज 17 जुलाई को गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय प्रगति तथा उसके पर्यवेक्षण संबंधी कार्यवाही पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

### महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में ऑनलाइन आवेदन 23 तक

**कांकेर।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 23 जुलाई निर्धारित गई है। शा. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में पंजीयन व प्रवेश देंगे।

## कांग्रेसियों ने घेरा बिजली कार्यालय, भाजपा सरकार पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज : पखांजूर

छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। बुधवार को पखांजूर में कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पखांजूर बिजली दफ्तर का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले डेढ़ साल में भाजपा सरकार ने कई बार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाला है।

कांग्रेसियों ने कहा कि हालिया बढ़ोतरी के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दर में 10 से 25 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा किया गया है, जबकि किसानों के कृषि पंपों पर यह वृद्धि 50 पैसे प्रति यूनिट है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार पर पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं और अब बिजली दरों में बढ़ोतरी से उनकी कमर टूट गई है। राजदीप हालदार ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 2003 में जब भाजपा सत्ता में आई थी, तब बिजली दर 3.30 रुपए प्रति यूनिट थी, जो 2018 तक बढ़कर 6.40 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच गई। इसके विपरीत, उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल 2 पैसे प्रति यूनिट की ▸▸|शेष पेज 12 पर

### ये रहे मौजूद

घेराव के दौरान रूप सिंह पोटाई, अमर मंडल, निलाक्षी बिस्वास, देवली नुरुटी, संगीता राय, जबा मंडल, हर्षित मृधा, दिलीप बिस्वास, शशि भूषण सरकार, परिमल शाह, विष्णुपद बाला, बिरेश तालुकदार, भवेश चक्रवर्ती, नेपाल राय, निहार सरकार, प्रदीप बाईन, स्वपन बिस्वास, मणिशंकर मंडल, मिलन मंडल, सम्राट चक्रवर्ती, अमित शाह, दीपांकार सरकार, विक्रम मल्लिक, रमेन सरकार, सुमित टिकेदार, रामसिंह दुग्गा, बिद्धूत बिस्वास, बाघा बिस्वास, सूजन कविराज, मिंटू चक्रवर्ती, सचिन मल्लिक, सिद्धार्थ बढ़ई, विधान विश्वास, सुमित टिकेदार, किशोर सिकदार, सुकुमार मजूमदार, गौतम देवनाथ एवं कांग्रेस के समस्थत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालाबेड़ा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया



**अंतागढ।** विकासखंड अंतागढ के अंतर्गत संकुल केंद्र तालाबेड़ा के आश्रित ग्राम निबरा जो की घने जंगल और पहाड़ियों के बीच स्थित है। यहां पर शिक्षा का अलग जगाने संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य शोभाराम देहारी, दंतेश्वरी वट्टी जनपद सदस्य कोलर, शीतल नवको सरपंच तालाबेड़ा, बसंती हुसेंडी सरपंच भैंसगांव, वरिष्ठ व्याख्याता अनूप श्रीवास्तव, नल कैमरा, सुशीला कोमरे, राम ठाकुर, रामनाथ पटेल, अंजू वेद, हेमलता मांझी, हरिप्रसाद नाग, काशी प्रसाद बघेल, संत रामकोसमा, दौलत कुमार गागरा, महेश्वर पुजारी, वरिष्ठ शिक्षक सूर्यवंशी एवं संकुल केंद्र के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## फसल सुरक्षा के लिए खेत का घेराव करने की बात को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

फसल की सुरक्षा के लिए खेत का घेराव करने किसान खूटा गाड़ रहा था, तभी उसके पड़ोसी किसान ने खूटा गाड़ने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गया। यह मामला चारामा थानांतर्गत ग्राम पुरी का है। दोनो पक्ष थाना पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत किया। दोनो पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पुरी निवासी 34 वर्षीय पुरन कुमार सिन्हा पिता स्व. पुनाराम ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को सुबह साढ़े 8 बजें अपने खेत में धान फसल को बचाने के लिए हर वर्ष की भांति खुटा गाड़ रहा था। तभी मेरे पड़ोसी अर्जुन राम सिन्हा और उसके दोनो बेटे, उसकी पत्नि सभी लोग मिलकर मुझे गाली देने गले। गाली देने से मना किया तो अर्जुन और उसके दोनो बेटे मिलकर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट करते जान से मारने की धमकी दिए। मारपीट करते समय मेरी मां किरण बाई एवं खेत में काम कर रहे कमलेश नेताम बीच बचाव किए है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अर्जुन राम सिन्हा एवं अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। दूसरे पक्ष से पुरी निवासी 21 वर्षीय सुरेश कुमार सिन्हा पिता अर्जुन सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को दोपहर लगभग 3 बजें मै अपने खेत गया था। उसी समय ▸▸|शेष पेज 12 पर

दोनो पक्षों ने दर्ज कराए काउंटर केस




## कार की टक्कर से दो लोगों को आई चोट, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

▪ गंभीर घायल धमतरी अस्पताल में भर्ती, एक का काटना पड़ा पैर

डांगारा के पास कार के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बाइक में सवार दो लोगो को गंभीर चोट आया। घायलों को धमतरी के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां एक का पैर काटना पड़ा। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दुर्गूकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पाऊरखेड़ा निवासी रमेश कुमार कोर्राम पिता धनसिंह कोर्राम ने पुलिस को बताया कि 6 जुलाई को मेरे पिता धनसिंह एवं भाई प्रदीप कुमार के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3422 में बैठकर पाऊरखेड़ा-संबलपुर मार्ग से होते हुए भानुप्रतापपुर जा रहे थे। रास्ते में ग्राम डांगरा के पास कार क्रमांक सीजी 04 पीसी 7466 के ▸▸|शेष पेज 12 पर

## विकासखंड स्तरीय कृषि सलाहकार समिति बैठक की गई आयोजित

**दुर्गुकोंदल।** कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत विकासखण्ड स्तरीय कृषि सलाहकार समिती के बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में विकासखण्डवार-घटक वार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य, जिसमें कृषक प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण, फसल प्रदर्शन, एफआईजी एफएसजी समूह संगठन, खरीफ किसान संगोष्ठी, खरीफ कृषक खेत पाठशाला, प्राप्त लक्ष्य पूर्ति आयोजित होने वाले कार्यशाला के लिए स्थान का चयन, कृषक चयन पर विस्तृत ▸▸|शेष पेज 12 पर



### स्कूल के पास संचालित दुकानों को हटाने 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम


# स्कूल के आस-पास स्थित दुकानों पर कसी लगाम, नशीली सामग्रियों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कॉलेज एवं विद्यालयों के आसपास पान एवं चाय दुकानों पर तंबाकुयुक्त गुटखा, सिगरेट एवं अन्य उत्पाद बेचने वालों पर प्रशासन की टीम ने 16 जुलाई को नकेल कसते हुए कई दुकानदारों पर कार्रवाई किया। कई दुकानदारों पर कोटपा एक्ट केspan>कार्रवाई करते हुए 2700 रूपएं का चालान भी काटा गया। कार्रवाई की खबर मिलते ही कई दुकानदार दुकान बंद करके जाने वाले एक दुकान को सील भी किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के अंदर स्थित स्कूलों आम कई प्रकार की नशीली सामग्री मिल रही थी, जिसकी शिकायत प्राचार्यो के द्वारा प्रशासन को किया गया था। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर 16 जुलाई को राजस्व, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की टीम सबसे पहले नरहरदेव स्कूल के पास पहुँची और कांप्लेक्स में स्थित दुकानों के अलावा आसपास संचालित ठेला की जाँच किया गया है। जाँच के दौरान स्कूल के पास की दुकानों पर नशीली सामग्री क्लासिक माइल्स सिगरेट, क्लासिक सिगरेट, गोल्ड फ्लैक, खुले में सिगरेट, गो-कोन, मार्ल बोरो तथा ▸▸|शेष पेज 12 पर

प्राचार्यो की शिकायत पर राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई





### 7 किलो मिला अवैध मुनक्का पुलिस ने की कार्रवाई

थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि महादेव वार्ड निवासी 59 वर्षीय राकेश साहू अवैध रूप से बिना लायंसेस के मुनक्का को चोरी छुपे बेचता था। जानकारी मिलने पर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 37 पैकेट मुनक्का मिलने पर वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 37 पैकेट मुनका जिसका वजन 7.4 किलोग्राम को धारा106 बीएनएसएस के तहत जप्ती की कार्रवाई करते हुए अनावेदक राकेश साहू के खिलाफ प्रतिबंधित करने हेतु धारा126 (2), 135 (3) भा.ना.सु.सं.का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के लिए सौंपा ज्ञापन

**नारायणपुर।** जिला अस्पताल के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर एवं जिला प्रबन्धक को एक ज्ञापन सौंपकर पिछले 6 माह से लंबित नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नारायणपुर जिला वामपंथी उग्रवाद श्रेणी में आता है, जहाँ सीमित संसाधनों और सुरक्षा चुनौतियों के बीच स्वास्थ्य सेवाएं देना अत्यंत कठिन कार्य है। इसके बावजूद, जिले के समस्त स्वास्थ्यकर्मी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निरंतर कार्यरत हैं और स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि लंबे समय से प्रोत्साहन राशि ना मिलने के कारण कर्मियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने से मांग की कि इस विषय में शीघ्र कार्रवाई करते हुए लंबित राशि का भुगतान कराया जाए, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बना रहे और वे भविष्य में भी सेवा भाव से कार्य करते रहें। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

### मंगलवार से केशकाल में भी शुरू होगा कलेक्टर जनदर्शन

**कोण्डागांव।** साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के केशकाल एवं बड़ेराजपुर विकासखण्ड के आम नागरिकों को अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचने में होने वाली परेशानी को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा केशकाल में जनदर्शन के आवेदन लेने की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। केशकाल एवं बड़ेराजपुर विकासखण्ड के आम नागरिकों की सुविधा के लिए जनपद पंचायत केशकाल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में आगामी मंगलवार से कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

### स्कूल परिसर में पौधारोपण

**कोंडागांव।** ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जय लाल नेताम ने आज हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। इस मौके पर सभी स्कूल स्टाफ व छात्र छात्रएं मौजूद रहे। सरपंच जय लाल नेताम ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, सभी को इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

# कोण्डागांव की बेटी रंजीता ने ताईवान में अंतर्राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

## एशियन कैडेट चौंपियनशिप 2025 में 52 किलोग्राम भार वर्ग में विजेता

शहर की बालिका रंजीता कोरेटी ने अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जिले, राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट चौंपियनशिप 2025 में 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

रंजीता छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अंतर्गत संचालित बालगृह बालिका कोण्डागांव की निवासी हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग और संस्था के सतत प्रयासों से रंजीता को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त किया गया। खेल के प्रति विशेष रुचि और प्रतिभा को देखते हुए रंजीता को आईटीबीपी के सहयोग से जूडो प्रशिक्षण दिलवाया गया। उनकी खेल यात्र वर्ष 2021 में चंडीगढ़ में हुए ओपन नेशनल जूडो टूर्नामेंट से शुरू हुई। जनवरी 2023 में रंजीता का चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया , भोपाल में हुआ, जहां वे शिक्षा के साथ–साथ जूडो का नियमित प्रशिक्षण ले रही हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया नाम

रंजीता ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते 2021 ओपन नेशनल जूडो, चंडीगढ़ शानदार प्रदर्शन। 2022 ओपन नेशनल जूडो, भोपाल ब्रॉन्ज मेडल। 2024 खेलो इंडिया नेशनल, केरल सिल्वर मेडल 52 किग्रा। 2024 खेलो इंडिया रीजनल, नासिक गोल्ड मेडल। 2024 त्रिसूर, केरल गोल्ड मेडल। 2024 पुणे, महाराष्ट्र ओपन नेशनल में गोल्ड 52 किग्रा। 2025 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, पटना गोल्ड मेडल हासिल किया।






### अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी झंडे गाड़े

रंजीता ने अप्रैल 2025 में जार्जिया में आयोजित कैडेट यूरोपियन कप में 5वां स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात ताशकंद उजबेकिस्तान में एशियन कैडेट चौंपियनशिप 2025 में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12 से 15 जुलाई 2025 के बीच ताइपे, ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट चौंपियनशिप में रंजीता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया।

**आंदोलन:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने वादाखिलाफी का लगाया आरोप

# ताली व थाली के साथ संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगों को लेकर किया जिला मुख्यालय में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

नियमितीकरण ,जॉब सुरक्षा, ग्रेड पे ,अनुकंपा नियुक्ति ,मेडिकल बीमा ,27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की मांग कर रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन आज सातवें दिन भी भी जारी रहा ।

- कोरोना योद्धाओं का सरकार कर रही अपमान, भूल गई वादे

विरोध प्रदर्शन की इस कड़ी में आज सभी 33 जिला मुख्यालय में ताली और थाली रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम अपनी 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर को कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सौंपा। और कहा है कि, यदि उनकी मांगे जल्द ही नहीं पूरी की जाती हैं तो प्रदेश में एनएचएम के 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी किसी बड़े अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने को विवश हो सकते हैं। जिस कारण प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था में जो असुविधा होगी उसके लिए शासन -प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा । जिला नारायणपुर जिला अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने बताया कि जिले में 245 के करीब एन एच एम कर्मचारी कार्यरत हैं। यह कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से अपनी सेवा शर्तों में सुधार,नियमितीकरण, अपनी नौकरी की सुरक्षा, समान काम समान वेतन, जैसी चाह लिए लगातार पिछली कई सरकारों के कार्यकाल में धरना-प्रदर्शन, आंदोलन, अनुनय निवेदन ज्ञापन देते रहे हैं। सरकार के कार्यकाल में भी मोदी की गारंटी के नाम से हमारी समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है परंतु आज पर्यंत इस संबंध में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने लगभग 100 से अधिक बार ज्ञापन मंत्रियों, विधायकों, सांसदों को दिया है इसके अलावा कई उच्च अधिकारियों से भी भेंट की गई है , परंतु परिणाम शून्य ही रहा जिसके कारण 10 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक या प्रदर्शन चरणबद्ध रूप से जारी है ।

कर्मचारियों ने बताया कि, वह ताली और थाली करने पर आज इसलिए मजबूर हैं क्योंकि कोरोना महामारी में प्रधानमंत्री ने हमें कोरोना वॉरियर का दर्जा देकर पूरे देशभर से हमारे लिए ताली और थाली बजवाई थी परंतु आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी हम कोरोना योद्धा जिनके लिए देशभर में तालियां थाली बजी। 20 वर्षों से पीड़ित हैं जिसके कारण आज लाचार होकर अपने लिए ताली और थाली बजाने पर विवश हो चुके हैं।



### क्रमबद्ध किया जा रहा आंदोलन

आंदोलन की कड़ी में 10 तारीख को सभी विधायकों को ज्ञापन सौपा गया ,11 तारीख को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया 12 से 15 तक काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया एवं 16 जुलाई को जिला स्तरीय पर एक दिवसीय धरना रैली की गई। 17 जुलाई को पूरे प्रदेश के यह कर्मचारी रायपुर में राजधानी धरना स्थल पर एकत्रित होकर विधानसभा घेराव के लिए निकलेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप देवांगन , छुन्नु बेलसरिया , प्रवीण राजपूत, राजीव बघेल, गणपन कोरशा, कैलाश कर, छत्रपाल साहू, जयदीप देवांगन, महेश्वरी साहू, भावना साहू,जिला संघ के समस्त कोर सदस्य सहित सभी एनएचएम कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# हाईवे में बस ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कुदालगांव हाईवे के करीब बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक जगदलपुर से प्रतिदिन की तरह काम समाप्त कर अपने गांव वापस लौट रहा था। तभी रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार महेन्द्रा बस के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 30 में रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार यात्री बस ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में जहां युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही घटना को अंजाम देने के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही यातायात व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक महेन्द्रा ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 04 एमजेड 3690 का चालक काफी तेज रफ्तार से बस चलाते हुए जगदलपुर से कुदालगांव की ओर आ रहे ग्राम सितलावण्ड निवासी थलेश ठाकुर 25 वर्ष की बाईक क्रमांक सीजी 17 केजी 7294 को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में थलेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ बढ़ता देख बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही ट्रेफिक व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद मौके पर वाहनों की कतार लग गई। जिसके बाद पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर दुर्घटनाग्रस्त बाईक व बस को किनारे कर यातायात बहाल किया।

### दो दिन पूर्व सड़क हादसे में बस चालक व परिचालक की हुई थी मौत

*गौरतलब है कि दो दिन पूर्व इसी हाईवे में तेज रफ्तार बस खड़ी ट्रक को टक्कर मार दी थी। जिसमें बस के चालक व महिला परिचालक की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद दिन पहले ही शासन प्रशासन ने ली थी बैठक लेकर हादसों में कमी लाने बस चालकों की बैठक ली थी। इस बैठक में बस्तर पुलिस के साथ ही प्रशासन ने यात्री बस चालको से चर्चा कर दिशा निर्देश दिया था। लेकिन कुछ ही घटें में एक और बस हादसा हुआ जिसमें बेकसूर बाइक चालक को अपनी जान देनी पड़ गई। बहरहाल घटना के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।*

# दुष्कर्म और हत्या के प्रयास मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा



पुरानी रंजिश को लेकर चचेरी बहन से दुष्कर्म करने और चाची की हत्या के प्रयास में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 15 जुलाई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज सुबह 7.30 बजे के लगभग अपनी मां बहन के साथ काम कर रही थी। तभी उसके चाचा चिंताराम एवं उसके चचेरे भाई आये और झगड़ा करने लगे। मेरा बाल पकड़ कर मुकेश के घर के अंदर ले गए। मुकेश के द्वारा बलात्कार किया गया एवं सुरेश मेरा गर्दन पकड़कर रखा था। लोकेश मुझे मारने के लिए टंगिया लेके आया। मुझे मेरी मां बचाने आ रही थी तो उसके मुकेश कुल्हाड़ी और फावड़ा से मारने के लिए दौड़ाया। फावड़ा से मेरी मां के सिर में मार दिया जिससे खून बहने लगा और बेहोश हो गई। उसके वह वहां से भाग गई और थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी। जिस पर महिला पुलिस अधिकारी द्वारा अपराध कमांक 13/2025 धारा 137(2), 87, 70(1), 115(2), 351(3), 109(1), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारीयों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना धनोरा स्टाफ की विशेष टीम गठित कर घटना स्थल ग्राम चनियांगाव खोहड़ापारा रवाना हुये। आरोपीगणों को पकड़ा गया मुख्य आरोपी मुकेश दुग्गा उर्फ नाग से पुछताछ किया गया। साथ ही सहयोगी आरोपियों से भी पुछताछ में उस घटना को कबूलना स्वीकार किया गया। घटना स्वीकारने से मुकेश दुग्गा का गवाहों के समक्ष मेमोरण्डम कथन तैयार किया गया। घटना में प्रयुक्त औजार फावड़ा को गवाहों के समक्षा आरोपी के निशांदेही पर जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसमें से मुकेश दुग्गा पिता चिंताराम दुग्गा निवासी खोहड़ापारा चनियागांव थाना धनोरा जिला कोण्डागांव, सुरेश दुग्गा पिता चिंताराम दुग्गा निवासी खोहड़ापारा चनियागांव थाना धनोरा जिला कोण्डागांव, चिंताराम दुग्गा उर्फ नाग पिता स्व० भिंगुराम दुग्गा निवासी खोहड़ापारा चनियागांव थाना धनोरा जिला कोण्डागांव को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी नाबालिग होने से निरूद्ध पत्र भरा गया। मामले में पीड़िता की माता का गंभीर चोट आने से ईलाज के लिए धनोरा व कोण्डागांव से रिफर करने पर रायपुर में इलाज चल रहा है।

- पुरानी रंजिश के चलते चाची की हत्या का प्रयास

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी धनोरा निरीक्षक सुशील पटेल, सउनि किशोर कुमार प्रजापति, प्र0आर0 237 सुखनंदन पिस्दा, प्र0आर0 225 नेमसिंह मरकाम, आर. 797 नेहरू सोम, 374 महाराम चिरेन्द्र, 578 शैलेश ठाकुर, आर. 754 हृदय बघेल, आर. 772 संतोष एक्का, आर. 825 मानकू नेताम, म0प्र0आर0 73 सुखबती सलाम, 112 महेश्वरी शांडिल्य, म0आर0 324 सुमित्रा नाग का सराहनीय योगदान रहा।

# साप्ताहिक हरवेल बाजार में खुड़खुड़िया खेलते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

चौकी वांसकोट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हेब्रेल के साप्ताहिक बाजार में जुआ खेलते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी ओडिशा राज्य के निवासी हैं। मौके से पुलिस ने नकद 5450 रुपये, जुए की पर्चियां, प्लास्टिक गोटियां, बांस की टोकरी आदि सामग्री जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक वायएस अजय कुमार के निर्देश पर असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि खजुरडुड़िया बाजार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी और मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने भगवान उर्फ भगवान मरकाम पिता राजमन मरकाम, उम्र 39 वर्ष, जाति गोंड निवासी सरईगुड़ा थाना कुंदई जिला नवपंरगुरी ओडिशा, सायसन गौंड पिता हिलालाल गौंड उम्र 55 वर्ष, जाति गोंड निवासी हिर्री नवापारा थाना कुंदई, जिला नवपंरगुरी, ओडिशा को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लीटर पुट्टी, जिसमें पान, इंट, हुक्का, चूड़ी, झुमका, चूड़ी का रंग बिरंगा चित्र बना हुआ था, बरामद किया। साथ ही 6 प्लास्टिक गोटियां, जिनमें हुक्का पान और इंट चूड़ी झुमका का चित्र बना था, और एक बांस की टोकरी जिसमें फड़ व थैला था, जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# गणेश बहार नाला में लापता युवक का तीन दिन बाद मिला शव



**जगदलपुर ।** रविवार से लापता शहर के शातिंनगर वार्ड निवासी युवक का शव बुधवार शाम बरामद कर लिया गया। पिछले तीन दिन से पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पूरे इलाके में सर्चिंग अभियान चला रखा था। इस दौरान घटनास्थल से पांच किमी के दायरे में सर्चिंग किया गया अंततः घटनास्थल से डेढ़ किमी दूर शव को बरामद किया गया। नानगुर थाना प्रभारी गणेशराम यादव ने बताया कि रविवार को आकाश नगर राजीव गांधी वार्ड निवासी संदीप नाग 18 वर्ष व रेलवे कालोनी निवासी कमलेश नाग लगभग 22 वर्ष घुमने के लिए गणेशबहार नाला की ओर गए हुए थे। इसी दौरान पानी में नहाने के दौरान दोनों नाला में तेज बहाव के चलते पानी में बह गए। कमलेश नाग किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहा जबकि तेज बहाव के चलते संदीप नाग बाहर नहीं निकल पाया। घटना की जानकारी मिलते ही नानगुर पुलिस के अलावा एसडीआरएफ की टीम भी लापता युवक की तलाश करने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस दौरान 10 किमी दायरे में सर्च अभियान चलाया गया जिसके बाद बुधवार शाम शव घटनास्थल से डेढ़ किमी दूर से बरामद किया गया।

## पेज 11 के शेष

### लौह अयस्क में लगे वाहनों को ...

वाहन भी इस मार्ग पर आना जाना न करे, इसके अलावा जर्जर सड़क में तीन से चार फीट हुए गड्ढो को भरने के लिए विभाग सामने आएं। विभाग ने इस सड़क की मरम्मत करने को लेकर मौन साध लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग चक्काजाम करने की बात करते है तो अधिकारी और जनप्रतिनिधि के द्वारा चक्काजाम को लीड करने वाले ग्रामीणों को डरा धमकाकर चक्काजाम खत्म करने पर कार्यवाही की बात करते है।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ...

मै कंपनी के बारे में दो माह तक जुड़ा रहा। दो माह बाद 21 मई 2025 को उक्त कंपनी में शेयर ट्रेंडिंग के लिए अपने खाते से 20 लाख रूपएं कंपनी के द्धारा बताये गए डीएसआर फार्मेसी के आईडीएफसी बैक के अकाउट नम्बर पर आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर किया। इसके बाद मेरे नाम से वालेट अकाउट बनाया गया था और 22 मई को मुझे पैसे की जरूरत पड़ने पर मेरे द्वारा उक्त वालेट अकाउट से 4 लाख 22 हजार 498 रूपएं वापिस निकाला गया। इसके अगले दिन 23 मई को उक्त कंपनी में लगाए गए पैसों को वापिस निकालना चाहा, परंतु मुझे मेरा पैसा प्राप्त नही हुआ जिस पर मेरे द्वारा कंपनी के नंबरों पर सपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु सभी मोबाईल नंबर बंद बताने लगे। मैने नुवमा के टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करने पर उक्त कंपनी के द्वारा भी मुझे बताया गया कि कंगना शर्मा के द्वारा हमारी कंपनी के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर गलत तरीके से इन्वेस्ट कराकर धोखाधड़ी किया जा रहा है। मैने नुवमा कंपनी को शिकायत किया, परंतु कोई रिस्पांस नहीं मिला। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने शिकायतकर्ता ने जिस खाता में रकम डाला था, उस खाताधारक के खिलाफ धारा 318(4), 319(2), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### कांग्रेसियों ने घेरा बिजली कार्यालय..

मामूली वृद्धि की थी और साथ ही कांग्रेस सरकार ने किसानों को 5 एचपी तक मुफ्त बिजली, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक निःशुल्क बिजली और अस्पतालों व उद्योगों को सब्सिडी जैसी राहतें दी थीं। विरोध प्रदर्शन में भाजपा सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की और जनता से इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होने का आव्हान किया।

### फसल सुरक्षा के लिए खेत का ...

मेरे पड़ोसी खेत का मालिक पूरन कुमार सिन्हा द्वारा अपने खेत में खूटा गाड़ रहा था, जिसको मै बोला कि खूटा को तुम क्यों आगे बढ़ाकर गाड़ रहे हो, जहां पर तुम्हारा खेत है वही पर गड़ाओ बोलने पर वह नाराज हो गया और गाली देने लगा। हाथ मुक्का व लात से मारपीट किया। मारपीट को देख आसपास के लोगो ने बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पूरन कुमार सिन्हा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### कार की टक्कर से दो लोगों को...

चालक द्वारा अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक तेज गति से चलाते हुए हमारे मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। ठोकर मारने से मेरे पिता धनसिंह एवं भाई प्रदीप कुमार दोनो मोटर सायकल से गिर गए, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गूकोंदल में भर्ती किया गया था। गंभीर रूप से चोट लगने के कारण मैं अपने पिता धनसिंह एवं भाई प्रदीप कुमार को धमतरी के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर मेरे पिता के पैर को काटना पड़ा एवं प्रदीप कुमार का एक पैर फैक्चर हो गया है। शिकायत पर दुर्गूकोंदल पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीसी 7466 के चालक के खिलाफ धारा 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### विकासखंड स्तरीय कृषि ...

चर्चा कर अनुमोदन लिया गया। बैठक में लच्छू राम नरेटी, सुलोचना कोरेटी, समिति के सदस्य कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, महिला मंडल, कृषक समूह के सदस्यगण, एनके नरेटी, विश्व देव बंजारा, बलवंत बघेल समवर्गीय विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्कूल के आस-पास स्थित दुकानों ...

क्लासिक आइस ब्रस्ट को जप्त किया गया। इन दुकानों के खिलाफ चालानी कार्रवाई किया गया। स्कूल के आसपास नियमों को ताक में रखकर नशीली सामग्री बेचने वाले ठेला को 48 घंटे के अंदर हटाने का निर्देश नगरपालिका की टीम के द्वारा दिया गया है। इसके अलावा नगरपालिका कांप्लेक्स में संचालित दुकानों की भी जाँच करने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुसार स्कूल और काँलेज से 100 मीटर की दूरी पर पान ठेला संचालित नहीं किया जा सकता है, ऐसी दुकानों को हटाए जाने का प्रावधान है। कांपलेक्स में संचालित दुकानों की भी जाँच करने का निर्देश दिया गया। जांच में टीम को यह जानकारी मिली कि यह सप्लाई मिलन मार्केटिंग कंपनी के द्वारा किया जाता है, जिसकी दुकान बंद मिली। दुकान मालिक के नहीं मिलने पर उसके पिता के सामने दुकान को सील किया गया और नोटिस चस्पा किया गया।

**चार दुकानों पर हुई कार्रवाई, एक दुकान सील**

नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के तहत स्कूल व काँलेज के 100 मीटर की दूरी पर तंबाकूयुक्त सामग्री बेचना गलत है। ऐसी चिन्हित दुकानों पर कार्रवाई किया जा रहा है। राजस्व, नगरपालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने 16 जुलाई को स्कूल के आसपास की चार दुकानों पर कार्रवाई किया और उनसे 2700 रूपएं जुर्माना वसूला गया। दुकानदारों के द्वारा जिस दुकान से यह सामग्री लेते थे, उस दुकान को भी सील किया गया है।

**कलेक्टर ने दिए विभागीय समन्वय बनाने के निर्देश**

# कोंडागांव में हुई उल्लास साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्ष नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

- छात्रों को 10 बोनस अंक मिलने से दिखा सकारात्मक असर

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिले में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग और समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव ने बताया कि इस वर्ष राज्य से जिले को 50,000 शिक्षार्थियों और 5,000 स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे करने और उनका उल्लास ऐप में प्रविष्टि करने का लक्ष्य मिला है। वर्ष 2025–26 के लिए 15,000 शिक्षार्थियों का सर्वे कर उल्लास ऐप में प्रविष्टि की जाएगी, जो मार्च 2026 की साक्षरता महापरीक्षा में शामिल होंगे। यह भी बताया गया कि जिले में पहली बार विभिन्न विकासखंडों के कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के चार छात्र–छात्रओं ने 10 असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर कर मार्च 2025 की साक्षरता महापरीक्षा में उत्तीर्ण कराया, जिससे उन्होंने अपनी मुख्य परीक्षा में 10 अतिरिक्त बोनस अंक अर्जित किए। वर्तमान में जिले की पुरुष साक्षरता दर 67.45 प्रतिशत, महिला साक्षरता दर 45.37 प्रतिशत और कुल साक्षरता दर 56.21 प्रतिशत है।

### क्रियान्वयन और जागरुकता

प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को ग्राम या वार्ड प्रभारी बनाया गया है, और उनके मार्गदर्शन में संस्था के सभी शिक्षक सर्वे कार्य व उल्लास ऐप में प्रविष्टि का कार्य जुलाई 2025 तक संपन्न करेंगे। सभी विभाग प्रमुखों को अपने कर्मचारियों को ग्राम, वार्ड के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित करने को कहा गया है। इसके साथ ही, उल्लास केंद्रों को आकर्षक बनाने और स्मार्ट क्लास के अंतर्गत सभी को ऑडियो–विजुअल सामग्री प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान और डीएमसी ईमेल सिंह बघेल भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न विभागों और स्वयंसेवकों की भूमिका

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ, सचिवों और रोजगार सहायकों को सहयोग दें। कॉलेज के छात्र–छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के विद्यार्थियों को सर्वे कार्य में सहयोग करने और स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाने को कहा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी सर्वे कार्य में सहयोग और स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाने के निर्देश जारी करने को कहा गया है। इसी तरह, श्रम विभाग को असाक्षर श्रमिकों को तथा आदिम जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि एवं पशुपालन, खेल विभाग, कौशल विकास जैसे सभी विभागों को उनके असाक्षर हितग्राहियों को उल्लास योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### भूमि विवादों को लेकर की गई खुली चर्चा



**भोण्ड।** कलेक्टर हरिस एस. एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भोंड में पुलिस और प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव में भूमि संबंधी विवादों के कारण उत्पन्न हो रही कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करना और समाधान की दिशा में कदम उठाना था। शिविर में बस्तर तहसीलदार जॉली जेम्स, थाना प्रभारी बस्तर सुरेश जांगड़े, ग्राम पंचायत भोंड की सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और तत्काल समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों को न्याय दिलाने और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भूमि विवादों का निराकरण निष्पक्षता के साथ किया जाएगा और किसी भी प्रकार की अराजकता को सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी प्रशासन द्वारा लिए गए इस त्वरित निर्णय की सराहना की और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया।

### किसान एनपीके व सिंगल सुपर फास्फेट का कर सकते हैं प्रयोग

**बीजापुर।** किसान डीएपी के स्थान पर बेहतर विकल्प के रूप में इफको एनपीके 12:32:16, 20:20:0:13 एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग कर सकते हैं। इस वर्ष डीएपी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए किसानों को विकल्प स्वरूप 20:20:0:13 और सिंगल सुपर फास्फेट जैसे उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जा रही है । कृषि विभाग के उप संचालक पीएस कुसरे ने बताया कि जिले के समस्त सहकारी समितियों में उर्वरक का भंडारण हो चुका है तथा वितरण भी जारी है विदित हो कि जिले में लक्ष्य 3550 मेट्रिक टन के विरुद्ध 2885.52 मेट्रिक टन भंडारण हो चुका है तथा वितरण 1562.82 मेट्रिक टन हो चुका है। धान की फसल में किसान डीएपी के स्थान पर 80 किलोग्राम 20:20:0:13 एवं 18 किलोग्राम यूरिया तथा 13 किलोग्राम एमओपी का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार डीएपी के स्थान पर 50 किलोग्राम एनपीके 12:32:16 तथा 39 किलोग्राम यूरिया डाल सकते हैं ।

### ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइल का आदान-प्रदान करें

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइल का आदान-प्रदान करें तथा कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित करें, जिससे समय पर शासकीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी नवीन अपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में शासन के निर्देशानुसार शासकीय कर्मचारियों के ऑनलाइन गवाही प्रक्रिया को व्यवहार में लाने के निर्देश दिए।

# किरन्दुल में कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव

लगातार हो रहे बिजली गुल के खिलाफ में ब्लॉक कांग्रेस का एक दिवसीय घेराव, तहसीलदार को ज्ञापन देकर बिजली बिल में हुये बढ़ोतरी को वापस करने मांग पत्र दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

बिजली दर में वृद्धि के विरोध में सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी



लौह नगरी किरन्दुल में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में साय सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें बिजली बिल वृद्धि के विरोध में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती से वैसे ही जनता त्रस्त है और ऊपर से बिजली बिल वृद्धि से जनता को दुगनी मार झेलनी पड़ रही है।

प्रदेश में फिर से हुए बिजली दर में वृद्धि जैसे 10 पैसा सामान्य उपभोगता, 20 पैसा व्यवसायिक एवं 50 पैसा कृषि मीटर पर जो प्रति यूनिट बढ़ोतरी हुई है उसे समाप्त करने की मांग करते हुए आज बिजली विभाग का घेराव किया गया। इस एक दिवसीय घेराव कार्यक्रम में तुलिका कर्मा ने सरकार की विफलताओं को जनता के सामने रखते हुए कहा कि साय सरकार छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से विफल हो चुकी है और उनकी ऊलजलूल नीतियों से प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर चुकी है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र मृणाल राय ने कहा कि हम सीधे जमीनी स्तर पर सरकार के खिलाफ लड़ेंगे और जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की विफलताओं को गिनाएंगे।

इस धरना प्रदर्शन में किरन्दुल ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी एवं जिलां महामंत्री सलीम रज़ा उस्मानी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंदिरा शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, केए पापचंद , बिप्लव मल्लिक, जमील खान, इला पटेल, राकेश लाल, बीएल तारम, दंतेश, निर्मल मंडल, सपन हालदार, अशोक भास्कर, दिनेश प्रसाद, राजू कुंजाम, काजल आनंद, गुलापा साहू, कृष्णा भंडारी, चंदू बघेल, ऋषप राय, सन्तोष रमैया, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिले में विभिन्न विकास कार्यों को मिली मंजूरी

# खनिज प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में बढ़ाया गया कदमः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में आज जिला खनिज न्यास शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

सांसद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य

■ सांसद की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास शासी परिषद की हुई बैठक

सरकार की मंशा के अनुरूप खनिज न्यास निधि का उद्देश्य केवल अधोसंरचना निर्माण नहीं, बल्कि प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर को उठाना है।

उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही युवाओं के लिए कौशल विकास, महिला स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन, और कृषि व अन्य आजीविका आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि युवाओं की सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को समर्थन देने के लिए आवश्यक संसाधनों और अधोसंरचना का विकास को प्राथमिकता दी जावेगी।

सांसद ने बताया कि खनिज निधि से ग्रामीण सड़कों, स्कूल भवनों, स्वास्थ्य केंद्रों, पेयजल संरचनाओं और सामुदायिक भवनों जैसे अधोसंरचना कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और स्थानीय परंपराओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए विशेष योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनिज निधि सिर्फ आर्थिक संसाधन नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का एक सशक्त माध्यम है। पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि विकास के वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचे।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अध्यक्षगण सहित जिला खनिज न्यास शासी परिषद के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि और जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे तथा विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसी के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।बैठक के आरंभ में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि जिला खनिज न्यास निधि के तहत जिले में शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के दृष्टि से राशि 2255.00 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही नवीन आश्रम 100/50 सीटर भवन की स्वीकृति राशि 962.24 लाख की स्वीकृति दी गई। रोजगार प्रशिक्षण दंतेवाड़ा जिले में युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण हेतु राशि 446.96 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। जिला दंतेवाड़ा में अंदरूनी क्षेत्रों के विकास एवं आवागमन की सुविधा हेतु सड़क एवं पुल निर्माण हेतु राशि 1601.07 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। जिले में महिलाओं एवं बाल कल्याण हेतु पोषक तत्व से भरपूर आहार हेतु राशि 146.32 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। जिले में पेयजल हेतु राशि 72.17 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि उच्च प्राथमिकता में पेयजल, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, कृषि एवं अन्य संबद्ध गतिविधियां, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत जीविकोपार्जन, स्वास्थ्य मेडिकल कॉलेज सहित भौतिक अधोसंरचना सिंचाई ऊर्जा और जल विभाजन विकास अन्य सार्वजनिक परिवहन युवा गतिविधियों को बढ़ावा देना सुनिश्चित किया गया है।

इसके अलावा उन्होंने ने जिला खनिज न्यास निधि के तहत किए जा रहे नवाचारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा जन शिकायत निवारण प्रणाली के तहत आपकी समस्याएं, हमारे समाधान की जिम्मेदारी के लिए टोल फ्री नबर भी जारी की गई है।

# अध्यक्ष ने छात्राओं के समस्या को दूर करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने चितालुर स्थित कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने छात्रावास परिसर में

■ आप सभी बेटियां हमारे समाज की रीढ़ हैं: मुड़ामी

मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी दी। छात्राओं की बातों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने छात्राओं को पढ़ाई में मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता पर एक प्रेरणादायक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा आप सभी बेटियाँ हमारे समाज की रीढ़ हैं। पढ़ाई में मेहनत करें, समय का अनुशासन रखें और खेलों व रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लें। यही प्रयास आगे चलकर आपको जीवन में मजबूत बनाएगा। हम सभी जनप्रतिनिधि आपकी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा का मजबूत आधार ही उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। सभी बेटियों को सुरक्षित व सुविधाजनक वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। प्रशासनिक समन्वय से सभी समस्याएं शीघ्र हल की जाएंगी। छात्राओं ने जनप्रतिनिधियों की इस पहल को सराहा और भविष्य में भी ऐसे संवाद जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

यह दौरा न केवल निरीक्षण तक सीमित रहा, बल्कि छात्राओं को प्रेरणा देने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का अवसर भी बना।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, बैसू मंडावी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ग्राम सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, बालिका एवं महिला छत्तीसगढ़ राज्य स्तर अस्मिता खेलो इंडिया वेट लिफ्टिंग एक दिवसीय चैंपियनशिप रायपुर में अयोजित किया गया। जिसमें राज्य के 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और इनमें कोच नंदकिशोर साहू के नेतृत्व में जिला दंतेवाड़ा, बचेली नगर के 6 खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। जिनमें शिप्रा बिस्वास रजत पदक सीनियर 86 केजी, ऋषिका कश्यप रजत पदक जूनियर 77 केजी एवं कांस्य पदक सीनियर 77 केजी वर्ग, शोभा बघेल-कांस्य पदक सीनियर 58 केजी वर्ग में पदक जीता।

दंतेवाड़ा जिला, बचेली नगर और एनएमडीसी परियोजना के लिए बहुत गौरवशाली की बात है। साथ ही इस प्रतियोगिता में दीपाली सरकार, अंजली कर्मा, रिया दास ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को एनएमडीसी के श्रीधर कोडाली, नगर पालिका के अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, पूर्व अध्यक्ष पूजा साओ, पार्षद झिलकी नाग, हरीश शर्मा, दीपक सरकार, मंडल अध्यक्ष आमलेंदु चक्रबर्ती, इंटक एमएमडब्लूयू के सचिव आशीष यादव, अध्यक्ष चंद्रा मांडवी, एटीयुसी एसकेएमएस के सचिव शंकर राव, अध्यक्ष जागेश्वर, वेट लिफ्टिंग संघ बचेली के अध्यक्ष अमृत लाल यदु, उपाध्याक्ष भूपेन साहू, जितेन्द्र राय, आरएल मिश्रा, आनन्द पाण्डेय, दिनेश साहू, कमलेश साहू इत्यादियों के द्वारा उपरोक्त प्रतिभागियों को बधाई और आशीर्वाद प्रदान किया।

### मलेरिया से बचाव के लिए किया जा रहा जागरूक

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह के मार्गदशन में जुलाई माह को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों के रोकथाम हेतु विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया उन्मूलन माह को ध्यान में रख कर जहाँ एक भी संभावित बुखार के मरीज का पता चलता है, उस क्षेत्र में तत्काल शिविर लगाकर सभी का मलेरिया जॉच किया जा रहा है। सभी विकासखण्डों में पहुंचविहीन क्षेत्रों तथा मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आम जनता को वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये बैनर, पाम्पलेट, समूह बैठक, नूक्कड नाटक के माध्यम से मच्छरों के उत्पत्ति को रोकने हेतु स्वयं के द्वारा तथा सरकार द्वारा किये जाने वाले उपायों के बारे में बताया जा रहा है।

# पेड़ हमें जीवन प्रदान करती है इसकी रक्षा करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छग शासन के बैनर तले कोंटा वन परिक्षेत्र का वन महोत्सव कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय के कोंटा एकलव्य स्कूल में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्यअथिति भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे तथा विशिष्ट अतिथि राज्य

■ पर्यावरण संरक्षण पर जनप्रतिनिधियों ने दिया बल, लगाए एक पेड़ मां के नाम

महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी एवं अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुमलता कवासी की उपस्थित में माँ सरस्वती के पुजा अर्चना माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत पश्चात एकलव्य स्कूल के छात्र छात्राओं ने कविता व भाषण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को बल दिया। वहीं इस कार्यक्रम को जनप्रतिनिधिओं एवमं मुख्यअथिति ने अपने उद्बोधन से पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर अथितियों के साथ कोंटा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी विजय, जिपं सदस्य सोयम भीमा, सुकमा पालिका अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, वरिष्ठ भाजपा नेताएम राजबाबू, एंकटरवना रेड्डी, रऊफ खान, आर मुरली, महिला मोर्चा से अन्नु दुबे, कृष्णकुमारी, युवा मोर्चा से पवन सिद्धू, पूर्णचंद्र नायडू सहित इंजरम सरपंच राजाराव, कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला, तहसीलदार गिरीश निंबलकर, कोंटा रेंजर महेश पासवान, वन विभाग के स्टाप व एकलव्य के कर्मचारी उपस्थित थे।

वन महोत्सव कार्यक्रम को जपं अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने संबोधित करते हुए कहा जीवन में पढाई के साथ-साथ अन्य चीजों को भी जानना आवश्यक है। आप लोगों ने मां के नाम से पेड़ लगाया है। उसका महत्व को समझें प्रकृति मां के जैसी ही होती है। पेड़ हमें जीवन प्रदान करती है यह सोचकर हमें पेड़ की रक्षा करनी है। अपने माता पिता को भी पेड़ के महत्व के बारे में बताएं। वहीं दीपिका सोरी ने इस अवसर पर कहा कोन्टा में बाढ़ आई थी जो प्रकृति के असंतुलन के कारण होता है। कोविड़ में ऑक्सीजन की कमी के कारण बहुत से लोगों का देहांत हो गया । इन सभी कारणों को रोकने का एक मात्र कारण प्रकृति को सुरक्षित रखना आप हर क्षेत्र में कार्य कर सकते हो प्रकृति का संरक्षण करोगे पेड़ बचाओगे तो आप बिना वर्दी के वन रक्षक होंगे । पेड़ को राखी बांधना चाहिए व उसे अपना भाई मानकर उसकी रक्षा करनी चाहिए । एक पेड़ मां के नाम भारत के प्रधानमंत्री के अह्वान से चालू कि गई है । जन्मदिन में बुके के स्थान पर हम सभी को पौधा देना चाहिए जिससे हम प्रकृति के संतुलन बनाने में अपना योगदान देंगे । भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा जल जंगल जमीन की रक्षा करना हम सब का अधिकार है । पूर्व के कई महान अपने लोगो ने इसकी रक्षा की इसका ही नतीजा है कि हम आज पर्यावरण दिवस के रूप में कई दिनों से हम मना रहे हैं । देश के प्रधानमंत्री ने नाम दिया एक पेड़ माँ के नाम जिसे आज हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एक जन आंदोलन के रूप में बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं ।



# क्रीड़ा मण्डल ने अधिशासी निदेशक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मण्डल के प्रतिनिधिमंडल ने आज एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक किरंदुल रविंद्रण नारायन से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मण्डल की आगामी त्यौहार हरेली, पोरा, गणेश पूजा, दशहरा, छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और अन्य सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की रूपरेखा साझा की गई। साथ ही सभी कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने हेतु सहयोग की अपेक्षा भी रखी गई। उप महाप्रबंधक मैडम नागबेनी से भी मुलाक़ात कर संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। अधिशासी निदेशक ने मण्डल की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया। यह मुलाकात सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और क्षेत्रीय सांस्कृतिक व क्रीड़ा विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप मण्डल के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेंद्र, सचिव पीएल साहु,कार्यालय सचिव डागेन्द्र वर्मा, सांस्कृतिक सचिव देवेन्द्र साहु, क्रीड़ा सचिव पलक राम साहु और घनश्याम वर्मा तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा गुणवत्ता पर लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर विकासखंड के शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत सुदूर अंचल संकुल कुंगारपाल के प्राथमिक व माध्यमिक शाला कालीपारा, राउतपारा, भालुगुड़ा, भाटीपारा में निरीक्षण में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षा गुणवत्ता की जांच की। बच्चों से पढ़ाई को लेकर चर्चा किया एवं सवाल जवाब में बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

स्कूलों में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी शिक्षक समय पर नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं या नहीं, साथ यह देखा गया की कक्षा ठीक से संचालित हो रही है या नहीं और छात्र-छात्राओं में पढ़ाई को लेकर कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। गुणवत्ता की जांच करते हुए मूल्यांकन और दस्तावेजों का भी परीक्षण किया गया। साथ ही स्कूल में शिक्षकों के द्वारा बच्चों के साथ शिक्षण पद्धति का अवलोकन करते हुए शिक्षकों व छात्रों के तरफ से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। शैक्षिक गुणवत्ता की दिशा में शिक्षकों की सक्रियता व अच्छे परिणाम के लिए अधिकारी ने प्रेरित किया। साथ ही क्षेत्र में जर्जर स्कूल सहित मध्याहन भोजन का भी अवलोकन अधिकारी के द्वारा किया गया।

# कर्मचारियों ने निकाली ताली और थाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर से बुधवार को शहर के पुराने मंडी परिसर में सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल किया गया। साथ ही कर्मचारियों ने ताली और थाली रैली निकाली और रैली में ताली, थाली बजाते हुए कलेक्ट्रोरेट पहुंचे, जहां 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा। स्वास्थ्य विभाग के प्रदेश भर के कर्मचारी गुरूवार को विधानसभा का घेराव करेंगे। जिले से 900 कर्मचारी भी बुधवार और गुरुवार को हड़ताल में होने से इसका सीधा असर स्वस्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे मलेरिया मुक्त अभियान पर पड़ेगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि दो दिन आंदोलन चलेगा, मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीन आंदोलन भी किया जाएगा।

### प्रमुख मांगे

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मांगे में शिक्षा विभाग की तरह एनएचएम कर्मचारियों का भी उनके अनुभव के आधर पर संविलियन किया जाए, अलग पब्लिक हैल्थ कैडर का गठन किया जाए, ग्रेड पे का निर्धारण हो, कार्य मूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता की जाए, लंबित 27 प्रतिशत व्रद्धि, नियमित भर्ती सीटों में आरक्षण प्रदान किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधन, मेडिकल व अन्य अवकाश की भी पात्रता मिले, स्थानांतरण निति का लाभ दिया जाए, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, जिससे अल्प वेतन पर काम कर रहे कर्मचारियों को बीमारी में या दुर्घटना में इलाज में राहत मिलेगी।



## खबर संक्षेप



### समीक्षा बैठक आयोजित, नीलामी के संबंध में किया चर्चा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली के पंचायत भवन में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा के अध्यक्षता में बैठक में तालाब स्टॉपडेम की नीलामी के संबंध में चर्चा करते हुए नीलामी की तारीख 19 जुलाई को तय किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम के ग्रामीण एवं महिला समूह के सदस्य उपस्थित रहेंगे उनकी उपस्थिति में नीलामी की कारवाही की जाएगी। साथ ही बाजार के अच्छे रख रखाव के लिए बाजार में संचालित दुकानों के दुकानदारों से कर वसूली के संबंध में भी चर्चा किया गया। बैठक में पंचायत सचिव प्रेम सिंह नाग, उपसरपंच संता अजय दर्रे, विजय कुमार चुरेंद्र, वार्डपंच राधेश्याम गावड़े, सुरेंद्र रावते, नरेश कुमार तुल्लावी, रामसिंह टोपा, पुष्पा गावड़े, कमला उईके, अनिल राम उईके, मनोज मांडवी, भूनेशवर पटेल सहित सभी पंचायत के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### तीन विद्यार्थियों का एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं में चयन

**जगदलपुर।** सकुल समन्वयक समीर शुक्ला (नेतानार) के मार्गदर्शन से तीनों संस्था के समस्त शिक्षकों के प्रयास से और विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत से सत्र-2025-26 के लिए प्राथमिक शाला-बिजलीपारा से जगरनाथ नाग और बालक आश्रम नेतानार से एकलव्य नाग का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय-बास्तानार में और जनपद प्राथमिक शाला-नेतानार से कुमारी-तिरमनी का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय-छिंदगढ में हुआ है। तीनों विद्यार्थियों को उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। पूर्व की भांती प्राथमिक शाला बिजलीपारा के के प्रधान अध्यापक राजेन्द्र कुमार मरकाम का विद्यार्थियों को चयन कराने में योगदान रहा है। जिन्होंने तीनों संस्था के विद्यार्थियों ऑनलाईन फार्म स्वयं भरा था, तीनों संस्था के विद्यार्थियों को जनपद प्राथमिक शाला व आश्रम शाला- नेतानार के सहायक शिक्षक रैसिंग ठाकुर एवं राम पैकरा के साथ मिलकर दिन के अलावा बीच-बीच में रात्री में स्कूल में ठहरकर उक्त परीक्षा की तैयारी करवाते थे, बालक आश्रम नेतानार के अधीक्षक अर्जुन नाग के साथ मिलकर उक्त परीक्षा में शामिल करने हेतु परीक्षा सेंटर तक ले जाने में और उक्त अधीक्षक एवं सहयक शिक्षक सुखचंद ध्रुव और विद्यार्थियों के पालकों के साथ उक्त विद्यार्थियों को काउंसलिंग कराने में साथ देने में योगदान रहा। संबंधित प्रधान अध्यापक राजेन्द्र कुमार मरकाम का तीनों संस्था के विद्यार्थियों का ऑनलाईन फार्म भरने से लेकर, उक्त परीक्षा की तैयारी कराने, परीक्षा सेंटर तक ले जाने और कांउसलिंग कराने में योगदान रहा है।

### पशुसखियों का 17 दिवसीय प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने और पशुधन से संबंधित गतिविधियों को मजबूत करने के लिए 17 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मुख्य आतिथ्य में कुम्हरावंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को किया गया। जैन ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारी जैसे पशु स्वास्थ्य, उनके उचित रख-रखाव, पोषण प्रबंधन, पशुओं के विभिन्न बीमारी एवं समाधान के बारे में कुशल होकर अपने क्षेत्र के पशुपालकों के हित में कार्य करते हुये अपने आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पशु सेवाएं बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डी.के. नेताम ने 17 दिवसीय प्रशिक्षण अनुसूची के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को बताया। डॉ. नेताम ने बताया कि पशुसखियों को पशुपालन में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप से कुशल बनाया जाएगा, जिससे वे ग्रामीण स्तर पर बेहतर पशुपालन, टीकाकरण, बीमारी इलाज, कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि में आत्मनिर्भर रूप में पशुओं का इलाज सकेंगे, इसके लिए पशुसखियों को प्रयोगिक एवं भ्रमण के माध्यम से कुशल बनाया जाएगा

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम पर सौंपा ज्ञापन

# भाजपा सरकार ने चौथी बार बढ़ाए बिजली के दाम, जनता की जेब में डाल रही है डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा घरेलू एवं कृषक बिजली दर में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया, जो कि राज्य के नागरिकों के साथ अन्याय है। जबकि पूर्व कांग्रेस की सरकार द्वारा दोनों वर्ग को राहत देने वृद्धि नहीं किया गया था, जिसके विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर राज्य सरकार की इस निर्णय का विरोध किया। बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का कहना है कि घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है एवं गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद बीज और बिजली कटौती से परेशान है। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। भाजपा सरकार में इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दिया और बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई।

अस्पतालों, उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

कांग्रेस प्रदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है और अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है। ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती डाला है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

# व्यावसायिक प्रवेश परीक्षा केन्द्र में फ्रिस्किंग कार्य करने पुलिस कर्मियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा व्यापम की विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन 20 जुलाई को किया जाएगा। उक्त दिवस को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक को कहा है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा हाथों से तलाशी फ्रिस्किंग की जाए।

कलेक्टर ने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से यह फ्रिस्किंग का कार्य किए जाने तथा उक्त कार्य के लिए ड्यूटी लगाए गए पुलिस कर्मी परीक्षा प्रारंभ होने से 2.30 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दें। साथ ही महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराए जाने के लिए निर्देशित किया है। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद पुलिस कर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहें ताकि संदिग्ध गतिविधि न हो सके। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। यह भी बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसलिए समय का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने व्यापम द्वारा जारी नए निर्देशों का उल्लेख करते हुए बताया कि हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए और साथ ही फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें और कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा के लिए व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षार्थी को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, उसका एक मूल पहचान पत्र परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जाएं। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले बॉल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने के लिए उपयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि चयन परीक्षा प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, इसे सुरक्षित रखें। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं की जाएगी। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# छग शासकीय सेवक फेडरेशन ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

**पखांजुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय सेवकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। फेडरेशन मांगों में मुख्य रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स का समायोजन, वेतन विसंगति, पदोन्नत समयमान वेतनमान और कैशलेस चिकित्सा सुविधा शामिल हैं। प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए, जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए, वेतन विसंगति और अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष और 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत लागू किया जाए, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक और सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी किया जाए, अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए, प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने का स्थायी आदेश जारी किया जाए, वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण दिया जाए, प्रदेश के शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन के लाभ के लिए एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना की जाए, साथ ही पूर्ण पेंशन की पात्रता के लिए नीति निर्धारित की जाए, कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में एकरूपता लाते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए, प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, संविदा एवं दैनिक वेतन कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाए।

# सामुदायिक भवन निर्माण कार्य तीन साल से अधूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण से ग्राम कर्रामाड़ में लोहार समाज के लिए स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 3 साल से अधूरा है। भवन निर्माण कार्य के लिए प्राधिकरण से 5 लाख स्वीकृत हुई है। समाज के लोगों ने भवन को पूरा करवाने की माँग किया है।

- समाज ने निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल से 2 लाख रूपएं ग्राम पंचायत कर्रामाड़ को जारी कर दिया है। 2 लाख रूपएं में ग्राम पंचायत कर्रामाड़ के सरपंच सचिव ने 3 वर्ष के भीतर सिर्फ नींव लेबल तक कार्य करते हुए अधूरा छोड़ दिया है, जिससे लोहार समाज के पदाधिकारी और आम नागरिक परेशान हैं। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अधिकारी भी निर्माण कार्य को शुरू करवाने ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोहार समाज के अध्यक्ष व सचिव ने विधायक से समाज के लिए भवन की मांग किया था। विधायक ने भवन की घोषणा कराकर बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण से स्वीकृत 10 जून 2022 को 5 लाख रूपएं स्वीकृत कराया था, लेकिन सरपंच व सचिव ने तीन साल में सिर्फ प्लिंथ लेबल तक कार्य किया है।

इसके बाद से निर्माण कार्य बंद पड़ी हुआ है। लोहार समाज के पदाधिकारियों ने सरपंच सचिव और जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ से भवन निर्माण कार्य शुरू कराकर जल्द पूरा करवाने की मांग किया है।

# फुटबॉल मैदान का कलेक्टर महादेव ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर के बस स्टैंड के समीप निर्माणाधीन एस्ट्रोटर्फ ग्रासी फुटबॉल मैदान सह एथलेटिक ट्रैक का 16 जुलाई को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आकस्मिक निरीक्षण किया। यह आधुनिक खेल मैदान 550.78 लाख की लागत से तैयार किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि इसमें किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता न हो। उल्लेखनीय है कि नगरवासियों का बहुप्रतीक्षित यह मैदान न केवल जिले के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करेगा, बल्कि भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की संभावनाओं को भी बढ़ाएगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से कांकेर जिले के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय अभ्यास की सुविधा मिलेगी। एस्ट्रोटर्फ मैदान और रनिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं अब तक केवल बड़े शहरों में उपलब्ध थीं, लेकिन अब ये संसाधन ग्रामीण अंचल के युवाओं को भी उपलब्ध हो सकेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष अरुण कौशिक, कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी केके सरल, सहायक अभियंता पीएमजीएसवाय घनश्याम कश्यप, खेल अधिकारी सहित अधिकारीगण व निर्माण एजेंसी के कर्मचारी मौजूद थे।

# लौह अयस्क का परिवहन और मजदूरों की भर्ती नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सीएमडीसी माइंस के अधिकारी द्वारा लौह अयस्क का परिवहन शुरू करने और मजदूरों की भर्ती करने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हे अश्वासन दिया गया था। परिवहन शुरू होने और मजदूरो की भर्ती नही करने से आक्रोशित ग्रामवासियों ने आंदोनल करने की चेतावनी माइंस प्रबंधन को दिया।

सीएमडीसी माइंस भैंसाकन्हार के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा लौह अयस्क परिवहन के संबंध में 1 जुलाई को बैठक आयोजित की गई थी। आयोजित बैठक में माइंस प्रबंधन की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि 1 जुलाई से लौह अयस्क का परिवहन प्रारंभ किए जाने के साथ ही मजदूरों की भर्ती की जाएगी, परंतु अभी तक न तो मजदूरों की कोई भर्ती की गई है और न ही इस विषय में ग्राम भैसाकन्हार को किसी प्रकार की जानकारी दी गई है। यह स्थिति ग्रामवासियों में असंतोष एवं आक्रोश का कारण बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि माइंस प्रबंधन को निर्देशित किया जाए कि 20 जुलाई तक मजदूरों की भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए एवं संबंधीत ग्राम को स्पष्ट जानकारी दिया जाए। सीएमडीसी के द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने पर प्रभावित ग्रामीण बाध्य होकर 21 जुलाई से भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम एवं उग्र आंदोलन उतर सकते है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन एवं माइंस प्रबंधन की होगी। ग्रामीणों ने इस विषय को लेकर ज्ञापन सौंपा है। सीएमडीसी प्रबंधन और ठेकेदार के द्वारा मनमानी किए जाने से प्रभावित गांव के लोगो में आक्रोश लगातार पनपता जा रहा है।

# वादा निभाओ रैली के माध्यम से सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के खंड इकाई दुर्गुकोंदल ने प्रथम चरण में 16 जुलाई को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाई तो 22 अगस्त को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे।

- छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन निकाली वादो निभाओ रैली



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ईकाई के अध्यक्ष बाबूलाल कोमरे, आरके किशोरे, संजय सिन्हा, बैजनाथ नरेटी, आत्मा राम गोटा, गजेंद्र सोनवानी, अन्नू मरकाम, नारद नायक, संतोष नेताम, नकुल भेड़िया व प्रदीप नेताम ने बताया कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने पर बाध्य होगा। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की घोषणा की गई थी, जिसमें सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए व डीआर दिया जाएगा। लंबित डीए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाएगा।

अनियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, अतिथि शिक्षक आदि संवर्ग का नियमितीकरण किया जाएगा। प्रदेश के सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर किया जाएगा। प्रदेश के लिपिकों, सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्ग के लिए वेतन विसंगति दूर करने गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। मितानिनों, रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि की जाएगी सहित अन्य मुद्दों का वादा किया, लेकिन सरकार बनने के बाद क्रियान्वयन पर मौन धारण करना कर्मचारियों में आक्रोश का कारण बना हुआ है।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन देने में रिसु जाड़े शंकर नागवंशी, जितेंद्र ठाकुर, अभिषेक नेताम, सतीश जुर्री, अनिल कांगे, लिलेश्वरी कांगे, रोशन जैन, चुम्मन साहू आदि उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411